कार्यालय आयुक्त भू अभिलेख , ग्वालियर मध्य प्रदेश

पटवारी भर्ती परीक्षा 2022-23 हेतु चयनित अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना

कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा दिनांक 30 जून 2023 को पटवारी भर्ती परीक्षा 2022-23 का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। उक्त परीक्षा परिणाम कर्मचारी चयन मण्डल की बैबसाईट पर उपलब्ध है। इस भर्ती परीक्षा में चयनित सभी नवीन अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व निम्नानुसार तैयारियां अपेक्षित हैं-

1. **इस परीक्षा हेतु काउंसलिंग के संबंध में संपादित कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है -**

1.	जिलों द्वारा कार्यालयीन निर्देश के क्रम मे अभ्यर्थियों को दस्तावेज अपलोड एवं काउंसलिंग मे उपस्थिति हेतु सूचित करना	19-21 फरवरी 2024
2.	Mponline द्वारा दस्तावेज अपलोड हेतु पोर्टल प्रारंभ	19 फरवरी 2024

3.	अभ्यर्थियों द्वारा दस्तावेज अपलोडिंग	19 से 23 फरवरी 2024
4.	जिलों द्वारा अपलोड दस्तावेज डाउनलोड कर पृथक पृथक फाईल बनाना	19 से 23 फरवरी 2024
5.	दस्तावेजों का सत्यापन कर समिति द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी की नस्ती पर टीप अंकित करना ।	23 फरवरी 2024 से पहले
6.	काउंसलिंग का आयोजन	24 फरवरी 2024
7.	अभ्यर्थियों को उपस्थिति पत्रक प्रदाय करना	24 फरवरी 2024

2. **दस्तावेज अपलोड की सूची** - सभी चयनित अभ्यर्थी कृपया एमपी ऑनलाइन के पोर्टल पर निम्न दस्तावेज अपलोड करें एवं सभी दस्तावेजों की मूल प्रति एवं 2 स्व प्रमाणित प्रतियां के साथ काउंसलिंग दिनांक को प्रस्तुत करें ।

2.1 मूल निवासी प्रमाण पत्र ।

2.2 कक्षा 10वी की मार्कसीट अथवा जन्म प्रमाण पत्र ।

2.3 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जारी स्नातक होने का प्रमाण ।

2.4 जाति प्रमाण पत्र ।

2.5 विकलांगता प्रमाण पत्र ।

2.6 **संविदा कर्मी अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दस्तावेज** - इस संबंध में उल्लेखनीय है कि संविदा कर्मियों से **परिशिष्ट 1** अनुसार जानकारी पोर्टल पर भराया जाना संभावित है। अतः पोर्टल पर अपलोड करने से पूर्व संपूर्ण जानकारी रखने का कष्ट करें ताकि समय पूर्व तैयारी की जा सके । यदि किसी संविदा कर्मी द्वारा एक से अधिक विभाग/कार्यालय में एक से अधिक पद पर संविदा कर्मी के रूप में कार्य किया है तो पिछले 5 वर्षों तक की गई संविदा सेवाओं का विवरण **परिशिष्ट 1** अनुसार पोर्टल पर जानकारी दर्ज भरें। साथ ही उक्त अवधि में वेतन भुगतान का प्रमाण भी संलग्न करें।

वेतन भुगतान के प्रमाण के रूप में -

2.6.1 पिछले 5 वर्षों (आवेदन भरने की दिनांक से पांच वर्ष) का बैंक का एनुअल स्टेटमेंट अथवा passbook की प्रतिलिपि जिसमें विभाग, कार्यालय द्वारा संविदा कर्मी को किये गए भुगतान का विवरण हो । संविदा कर्मी बैंक स्टेटमेंट/ बैंक पासबुक मे भुगतान की राशि को हाईलाईट कर सकते हैं। उक्त स्टेटमेंट पोर्टल पर अपलोड करें । यदि पोर्टल पर अपलोड नही भी किया गया है तो काउंसलिंग दिनांक को दस्तावेज चयन समिति के समक्ष मे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

2.6.2 कण्डिका 2.6.1 के स्थान पर वेतन भुगतान के संबंध मे अन्य दस्तावेज भी अपलोड किए जा सकते हैं लेकिन अपलोड

दस्तावेज यह प्रमाणित करें कि संविदा कर्मी को उक्त भुगतान संविदा कर्मी के रूप मे की गई सेवा के लिए विभाग/कार्यालय द्वारा भुगतान किया गया है।

2.6.2 यदि किसी संविदा कर्मी को विभाग /कार्यालय द्वारा किसी कारण से संविदा कर्मी द्वारा की गई सेवा अवधि का भुगतान किसी कारण से नही किया गया है तो विभाग/कार्यालय के कार्यालय प्रमुख अथवा द्वितीय श्रेणी से अनिम्न अधिकारी से अभिप्रमाणित कर **परिशिष्ट 2** प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है ।

2.7 भूतपूर्व सैनिक- संबंधित प्रमाण पत्र ।

2.8 यदि बोनस अंक प्राप्त तो संबंधित प्रमाण पत्र ।

2.9 यदि आयु सीमा मे कोई लाभ लिया गया है तो संबंधित प्रमाण पत्र ।

2.10 CPCT परीक्षा उत्तीर्ण स्कोर कार्ड । (यदि हो)

3. **पटवारी पद पर नियुक्ति निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।**

1. अभ्यर्थी द्वारा चयन एवं काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रदत्त समस्त जानकारी पूर्णता सत्य है।
2. यदि अभ्यर्थी पद पर उपस्थिति हेतु निर्धारित काउंसलिंग दिनांक को अपनी उपस्थिति नही देता है तो उस पद को रिक्त माना जाकर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी ।
3. किसी अभ्यर्थी द्वारा मिथ्या/कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी का चयन निरस्त किया

जाकर संबंधित अभ्यर्थी के विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही की जाए।

4. अन्य सूचना- सभी पटवारी काउंसलिंग संबंधी जारी निर्देश दिनांक 18.02.24 का अवलोकन अवश्य करें (MPONLINE के पोर्टलपर उपलब्ध) । इसके अतिरिक्त विज्ञप्ति का भी अवलोकन करने का कष्ट करें।

संल्गन- परिशिष्ट 1 व 2

केवल संविदा कर्मियों के लिए

परिशिष्ट 1

क्र.	विभाग का नाम	विभाग अंतर्गत कार्यालय का नाम, पता एवं जिला	पदनाम जिस पर संविदा के रूप मे कार्य किया गया हो	वेतनमान	संविदा पर नियुक्ति आदेश क्रमांक व दिनांक का विवरण	कब से कार्य प्रारंभ किया	कब तक कार्य किया है	कुल अवधि (7+8)	नियुक्ति आदेश संलग्न करें (कॉलम 6)	इस अवधि के वेतन के भुगतान का प्रमाण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.										

परिशिष्ट 2

(विभाग/ कार्यालय के कार्यालय प्रमुख अथवा उनके अधीनस्थ द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी से अनिम्न श्रेणी के अधिकारी द्वारा जारी किया जाए)

कार्यालय का नाम एवं पता का विवरण

पटवारी चयन परीक्षा 2022-23 हेतु प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री.... ....पिता/पति ....आधार संख्या .... निवासी जिला.................. द्वारा इस कार्यालय में पदनाम............ वेतनमान.............. दिनांक.......................से दिनांक.................तक संविदा कर्मी के रूप मे सेवाएं की गई हैं । इस अवधि के वेतन की कुल राशि रूपये................... में से इन्हें कुल राशि रूपये......... का भुगतान कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। कुल राशि रूपये........... भुगतान हेतु शेष है। स्थान ....

जावक क्रमांक ....

दिनांक......................

हस्ताक्षर जारी कर्ता
नाम एवं पदनाम
पदमुद्रा सहित